मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-02
01/01/2023

# मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामना देने बड़ी संख्या में पहुॅचे लोग

पटना 01 जनवरी 2023 :– आज मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को नववर्ष की शुभकामना एवं बधाई देने के लिये सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद, राज्य सरकार के वरीय अधिकारीगण अन्य जनप्रतिनिधिगण, विशिष्ट व्यक्तिगण तथा आमजन पहुॅचे। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर लोगों की बधाइयॉ एवं शुभकामनायें स्वीकार की तथा उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। लोगों द्वारा दिये गये भेंटस्वरूप पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला को मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया।

बधाई एवं शुभकामना देने वालों में बड़ी संख्या में नवयुवक, महिलायें तथा वृद्धजन भी शामिल थे। मुख्यमंत्री को बधाई देने वाले प्रमुख लोगों में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती अनिता देवी, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री रामानंद यादव, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो0 आफाक आलम, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, बिहार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्ठी, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, वरीय पुलिस अधिकारी सहित बड़ी तादाद में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा आमजन शामिल थे।

******